## एक नजर

### बिल्सी में राहगीरों को वितरित किया शर्बत

**बिल्सी।** भीषण गर्मी से राहत के लिए शुक्रवार को नगर के जैन मार्केट में भगवती मानव कल्याण संगठन बिल्सी शाखा के तत्वावधान में राहगीरों के लिए शर्बत वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसलिए लोगों को इस भीषण गर्मी में शर्बत का वितरण करना चाहिए। ताकि लोगों को इस गर्मी से कुछ राहत मिल सके। इस मौके पर रामवीर सिंह यादव, सुखबीर यादव, प्रमोद यादव, सचिन सक्सेना, राजेंद्र बाबू, मनोज यादव, गीता, गजनी देवी, जयंती पाठक आदि का विशेष सहयोग रहा।

### बाइक और गन्ने के जूस के ठेले में हुई भिड़ंत, दो घायल

**बिल्सी।** गांव परौली निवासी चंद्रभान और उनके रिश्तेदार रचित कुमार निवासी खरखोली नगला अपनी बाइक से गुधनी से परौली जा रहे थे। शाहबाद रोड पर उनकी बाइक सामने से आ रहे गन्ने के जूस के ठेले से भिड़ गई। हादसे में रचित और चंद्रभान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए बरेली भेजा गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पालिका की लापरवाही, जवाहरपुरी के लोगों पर भारी

## शहर के मोहल्ला जवाहरपुरी में क्लीनिक वाली गली में बिना बारिश के भी रहता है जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका की लापरवाही और अनदेखी से शहर के जवाहरपुरी मोहल्ले के वार्ड 15 की एक गली में बिना बारिश के जलभराव है। गली में जलभराव से परेशान कोई अपना घर छोड़कर दूसरी जगह किराए के मकान में रह रहा है तो कोई घर से बाहर ही नहीं निकलता। पालिका प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं हो सका। जलभराव के चलते गली में नारकीय स्थिति बनी हुई है। गली के लोग दिन-रात पालिका प्रशासन को कोस रहे हैं।

शहर को साफ सुथरा बनाने की जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की है। कूड़ा कचरा उठाने के लिए पालिका के सफाई कर्मचारी शहर में काम करते हैं। जलभराव कहीं न हो इस पर पालिका प्रशासन विशेष नजर रखता है। लेकिन दुर्भाग्य है कि बिना बारिश के भी मोहल्ला जवाहरपुरी में क्लीनिक वाली गली के लोग जलभराव से परेशान हैं। गंदा पानी घरों में घुस रहा है। नालियां नीचे होने से पानी सड़क पर भरा रहता है। गली में तकरीबन दो दर्जन मकान हैं। गली में रहने वाले लोग ईंटों पर पैर रखकर बाहर आते हैं। हमेशा दुर्गंध आती रहती है। महिलाएं और बच्चे घरों से नहीं निकल पाते हैं। बाहर निकलें तो कपड़े गंदे हो जाते हैं। छोटे बच्चों को उनके माता-पिता गोद में लेकर या कंधे पर बैठाकर जाते हैं। गली के लोगों ने बताया कि कई बार नगर पालिका परिषद को जलभराव के बारे में बताया गया है फिर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा सभासद भी कभी समस्या पर ध्यान नहीं देते। लोगों ने बताया कि गली में गांव भरकुइया निवासी दो लोगों के मकान हैं। गली में जलभराव होने की वजह से वह मकान पर ताले डालकर चले गए हैं। किराए पर कमरे लेकर रहते हैं। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फात्मा रजा ने बताया कि कर्मचारियों को भेजकर स्थिति दिखवाई जाएगी। जिसके बाद समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।


मोहल्ला जवाहरपुरी में गली में भरा पानी।


घर से बाहर निकलने को जलभराव में रखी गईं ईंटें।


इस गली में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। बारिश में हर जगह जलभराव होता है, यहां तो बिना बारिश के जलभराव है। जिससे लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। परेशानी की इंतहा हो गयी है **– रामकिशोरी**


यहां पर काफी समय से पानी भरा है। नाली का पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है जो सड़क पर ही तालाब के रूप में भर गया है। गंदा पानी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं। जो संक्रामक रोग पैदा कर सकते हैं, लेकिन कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। **– साधना**


नगर पालिका को कई बार बताया जा चुका है। कोई देखने को भी नहीं आया। वार्ड का सभासद यहां देखने को भी नहीं आता है। समस्या के चलते कई परिवार घर छोड़ कर किराए पर रहने को मजबूर हैं। कोई यहां के हालात देखने वाला नहीं है। **– मुन्नी**


कोई भी सरकार आए, नगर पालिका प्रशासन काम करने को तैयार नहीं है। जिसका खामियाजा मोहल्ले के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इस गली में नाव डाल दो वह भी तैरने लगेगी। इससे ज्यादा दुख की बात क्या होगी। **– सुमित**

# जिले के 140 स्कूलों में 50 से कम बच्चे, बीएसए तलब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **महानिदेशक शिक्षा ने कम बच्चे होने पर बीएसए से मांगा जवाब**
- **124 प्राथमिक, 16 उ. प्रा. विद्यालयों में बच्चों की कम संख्या**

**अमृत विचार:** जिले के 140 परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या 50 से भी कम है। जिस पर महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही 20 जून तक स्कूलों की स्थिति के बारे में सूचना उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। शासन स्तर से जवाब तलब होने पर बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी कर कम संख्या वाले स्कूलों की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सूचना न दिए जाने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

परिषदीय स्कूलों में तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद भी परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 33 हजार से अधिक बच्चे कम हो गए हैं। जिसमें शिक्षकों की लापरवाही और शिक्षा की गुणवत्ता ठीक न होने की वजह भी माना जा रहा है। जिले में संचालित 2155 स्कूलों में 140 ऐसे स्कूल शामिल हैं। जिनमें बच्चों की संख्या 50 से भी कम है। इनमें 124 प्राथमिक और 16 उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। यह स्कूल 10 जून को यू डायस पर स्कूलों द्वारा भरे गए डाटा के आधार पर चिह्नित किए गए। स्कूलों में कम नामांकन पर महानिदेशक शिक्षा कंचन वर्मा ने चिंता व्यक्त करते हुए बीएसए से 20 जून तक स्पष्टीकरण देने को कहा है। शासन स्तर से कार्रवाई होने पर बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। निर्देश दिए हैं कि 20 जून तक स्कूलों में कम हुए नामांकन के कारणों की स्थिति से अवगत कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**इन स्कूलों 50 से कम बच्चे**

| ब्लॉक | प्रा.वि. | उ.प्रा. वि. |
|---|---|---|
| आसफपुर | 4 | 1 |
| अंबियापुर | 5 | |
| बिसौली नगर | 1 | |
| बिसौली देहात | 10 | 1 |
| दातागंज | 3 | |
| दहगवां | 2 | 3 |
| जगत | 6 | |
| ककराला नगर | 1 | |
| म्याऊं | 11 | 1 |
| कादरचौक | 7 | |
| सहसवान | 4 | 4 |
| सालारपुर | 10 | 4 |
| समरेर | 3 | |
| उझानी | 19 | 1 |
| उसावां | 16 | |
| वजीरगंज | 5 | |
| इस्लामनगर | – 12 | –1 |

140 स्कूलों में बच्चों की संख्या 50 से कम है। बीईओ को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी है। शिक्षकों को बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने के आदेश दिए गए हैं। स्कूल खुलने के बाद बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। **–स्वाती भारती**, बीएसए

# वन महोत्सव में रोपे जाएंगे 39 लाख से अधिक पौधे


विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम मनोज कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एक जुलाई से शुरू होगा वन महोत्सव कार्यक्रम, निर्माणाधीन कार्यस्थलों पर भी लगाए जाएंगे पौधे**

**अमृत विचार:** जिले में एक जुलाई से वन महोत्सव की शुरुआत होगी। जो सात जुलाई तक जारी रहेगा। इस दौरान जिले में 39 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन स्थानों पर भी पौधे लगाए जाएंगे, जहां सरकारी निर्माण हो रहा है। जिसकी कार्ययोजना तैयार करने के आदेश डीएम ने सभी विभागों के अध्यक्षों को दिए हैं।

विकास भवन में हुई बैठक के दौरान डीएम मनोज कुमार ने बताया कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दातागंज स्थित वन खंड की 10 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी ने बताया कि इस वर्ष सभी विभागों के द्वारा जनपद में 39 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा, जिसके सापेक्ष वन विभाग की पौधशालाओं में 75 लाख पौधे उपलब्ध है। डीएम ने जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे को निर्देश दिये कि सभी ग्राम पंचायतों में गंगा समितियों को सक्रिय कर पौधारोपण कराया जाए। साथ ही कहा कि जिन स्थानों पर पौधारोपण होगा उसकी कार्ययोजना तैयार कर एनजीटी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्रवाई में तेजी लाने के आदेश दिए।

### समय से खुलें आंगनबाड़ी केंद्र

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने राज्य पोषण मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित समय पर खोले जाएं, ऐसा न करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों व महिलाओं को वितरित खाद्यान्न को अधिकारी चेक करें। हॉट कुक्ड के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को बर्तन उपलब्ध कराने के निर्देश प्रधानों और ईओ को दिए।

### चारागाह भूमि पर होगी हरे चारे की बुवाई

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर हरे चारे की बुवाई की जाए। गो आश्रय स्थलों पर केयर टेकर की व्यवस्था एवं रात्रि चौकीदार की व्यवस्था की जाए। अधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर रात्रि में निरीक्षण किए जाएं।

### बिल्सी में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

15 जून को तहसील बिल्सी में जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे व आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाएगा।

# रिटायरमेंट नजदीक, नहीं रुकी सहायकों की वित्तीय पावर

संवाददाता, म्याऊं

- **तीन ब्लॉकों में कार्यरत तकनीकी सहायक छह में हो जाएंगे सेवानिवृत्त**
- **एक तकनीकी सहायक 25 जून को हो रहा है सेवानिवृत्त**

**अमृत विचार :** मनरेगा योजना को क्रियान्वयन करने के लिए ब्लॉकों पर कार्यरत तीन तकनीकी सहायक सेवानिवृत्त की स्थिति में आ गए हैं। इनमें एक 25 जून को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसके बाद भी उनसे वित्तीय पॉवर नहीं ली गई है। जबकि सेवानिवृत्त होने से छह माह पूर्व वित्तीय पॉवर लिए जाने का प्रावधान योजना में किया गया है।

उसावां ब्लॉक में कार्यरत तकनीकी सहायक रत्नेश कुमार वर्मा एक अक्टूबर को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। इनके सेवानिवृत्त होने में पांच माह से भी कम समय बचा है। वहीं सालारपुर ब्लॉक में कार्यरत तकनीकी सहायक अब्दुल हबीब 25 जून और आसफपुर में कार्यरत कामेंद्र सिंह आठ जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन दोनों के सेवानिवृत्त होने पर कुछ ही दिनों का समय शेष है।

मनरेगा योजना में प्रावधान है कि तकनीकी सहायक के सेवानिवृत्त होने से पूर्व उन्हें ब्लॉक से हटाकर मुख्यालय पर संबंद्ध कर लिया जाए। तथा उनकी वित्तीय पॉवर भी वापस ले ली जाए। इसके बाद भी यह लोग अभी पूर्व की भांति कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी मनरेगा उपायुक्त बलराम कुमार ने बताया कि हाल ही में आदेश आया है। जिसका अवलोकन करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेरणा एप के माध्यम से विद्यालयों का निरीक्षण करेगी टास्क फोर्स

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **टास्क फोर्स में छह विभागों के अधिकारी हैं शामिल, विद्यालय खुलने पर करेंगे निरीक्षण**
- **टास्क फोर्स में नामित सदस्यों द्वारा हर माह पांच स्कूलों का किया जाना है निरीक्षण**

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए डीएम की ओर से टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसमें शिक्षा विभाग के साथ छह विभागों के अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। टास्क फोर्स में शामिल अधिकारियों द्वारा हर माह पांच विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। सभी निरीक्षण प्रेरणा एप के माध्यम से होंगे। जांच आख्या भी ऐप पर अपलोड की जाएगी।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 18 जून से परिषदीय स्कूल खुल रहे हैं। जिसमें मात्र चार दिन का समय शेष है। इन स्कूलों के निरीक्षण के लिए डीएम मनोज कुमार ने टास्क फोर्स का गठन किया है। जिसमें बेसिक शिक्षा और जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी के साथ परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी और जिला पंचायती राज अधिकारी को शामिल गया है। टीम स्कूलों में मध्याह्न भोजन, डीबीटी योजना के साथ ही बच्चों की उपस्थिति व अन्य बिंदुओं पर जांच करेगी।

# निजी जमीन पर बनेंगे औद्योगिक क्षेत्र

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला उद्योग उपायुक्त अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि निवेशकों को भूमि मुहैया कराने के लिए अब निजी जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा सकेंगे। पहली बार सरकार की ओर से निजी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नीति बनाई गई है।

इसमें प्रोत्साहन देने के साथ ही जिम्मेदारी भी तय की गई है। प्लेज स्कीम (प्रमोटिंग लीडरशिप एंड इण्टर प्राइज फॉर डेवलपमेंट आफ ग्रोथ इंजन) के तहत धरातल पर योजना उतारने के लिए जिला उद्योग केन्द्र ने काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि शासन ने प्लेज स्कीम के तहत जिले में 10 से 50 एकड़ की निजी जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का फैसला लिया है। इसके लिए इच्छुक एक व्यक्ति या अधिक व्यक्ति समूह बनाकर जमीन दे सकेंगे।

# हरिद्वार के शिविर में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुआ किसानों का जत्था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


किसानों को रवाना करते मंडल प्रवक्ता राजेश सक्सेना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का राष्ट्रीय शिविर उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित किया जा रहा है। लाल कोठी मैदान में चार दिवसीय शिविर में भाग लेने के लिए किसानों का जत्था शुक्रवार को ट्रेन द्वारा हरिद्वार को रवाना हुआ।

भाकियू के मंडल प्रवक्ता राजेश सक्सेना व जिलाध्यक्ष रामाशंकर शंखधार ने कहा कि शिविर में देश भर के किसानों की समस्याएं उठाई जाएंगी। किसानों की समस्याओं को हल करने को बड़े स्तर पर आंदोलन चलाने की रणनीति बनाई जाएगी। कर्ज माफी योजना लागू करने और एमएसपी लागू करने को सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। शनिवार को भी एक जत्था घटपुरी और कछला से हरिद्वार को रवाना होगा। जिलाध्यक्ष रामाशंकर शंखधार ने कहा कि बदायूं के ज्वलंत मुद्दे राष्ट्रीय पंचायत में उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धान का बीज खरीदने पर एमआरपी से अधिक मूल्य वसूला जा रहा है। ताज धान का बीज सात सौ रुपए किलो की बजाए एक हजार रुपए किलो में बिक रहा है। इसमें जिला प्रशासन की मिलीभगत उजागर हो रही है। हरिद्वार से लौटने के बाद यहां पर आंदोलन किया जाएगा। आज मोहनलाल के नेतृत्व में किसानों का जत्था रवाना हुआ।

**परेशानी** जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में नहीं हो रहे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

# अस्पताल में दवा का संकट, डॉक्टर ने भेजा रिमाइंडर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **दस दिन से नहीं हो रहे ऑपरेशन, दो रिमाइंडर के बाद भी नहीं मिली दवाएं**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग में दवाओं का संकट पैदा हो गया है। जिससे यहां मोतियाबिंद के ऑपरेशन दस दिन से बंद कर दिये गए हैं। चिकित्सकों ने दवाएं मंगाने का रिमाइंडर भेजा है, लेकिन अभी तक दवाएं नहीं मिल पाने से नेत्र चिकित्सक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। जबकि दर्जनों मरीज हर रोज लौट रहे हैं। मरीजों का कहना है कि उन्हें गांव से आने में परेशानी हो रही है लेकिन यहां पर दवाएं नहीं हैं।

नेत्र विभाग में इन दिनों मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराने को हर रोज मरीज आ रहे हैं। लेकिन ऑपरेशन में काम आने वाली जरूरी दवाएं नहीं हैं। करीब दस दिन से दवाएं खत्म हो चुकी हैं। जिससे नेत्र चिकित्सक यहां पर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। शुक्रवार को करीब दो दर्जन मरीज मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने पहुंचे। इन सभी मरीजों को करीब 15 दिन पूर्व दवा दी गई। और 14 जून को आने को कहा गया। इसलिए मरीज मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने को यहां पहुंचे। जब मरीजों ने नेत्र चिकित्सकों से बात की तो बताया गया कि यहां दवाएं खत्म हो चुकी हैं। इसलिए अभी ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं। मोतियाबिंद के ऑपरेशन में डाई, विस्को और वीएसएस दवा की जरूरत होती है वह दवाएं खत्म हो चुकी हैं। इसलिए ऑपरेशन नहीं किए जा रहे हैं। मरीजों ने कहा कि वह लोग काफी दूर से किराया खर्च कर यहां पहुंचते हैं। लेकिन यहां पर दवाएं नहीं हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में घरों से निकलना आंखों के लिए नुकसानदायक है। फिर भी यहां आना पड़ रहा है। मगर यहां कोई देखने वाला नहीं है। नेत्र विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जिन मरीजों को ऑपरेशन का समय दे दिया गया, वह लोग हर रोज यहां आते हैं। ऑपरेशन करने का दबाव डालते हैं लेकिन उन्हे किसी तरह समझा कर शांत कर दिया जाता है।

नेत्र चिकित्सक ने बताया कि करीब आठ दिन पूर्व दवाओं के लिए रिमाइंडर भेजा गया है। उच्चाधिकारियों को फोन पर भी अवगत कराया गया है। फिर भी अभी तक दवाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। अब फिर से एक रिमाइंडर भेजा जाएगा। दवाओं की मांग की जाएगी। जून के अंतिम सप्ताह में दवाएं आने की उम्मीद है।


मोतियाबिंद पक गया है जिससे अब आंख में रोशनी नहीं है। ऑपरेशन को बोला गया था। अब यहां ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं। गांव से आना पड़ता है। गर्मी में आंखों में तेज दर्द होता है। परेशानी बढ़ती जा रही है। ऑपरेशन कराने को परिवार के लोग लेकर आते हैं। **–ओमवती** – अहविया


कई दिनों से मोतियाबिंद की दवा ले रहे हैं। 12 जून से रोज आ रहे हैं। आंख का ऑपरेशन कराना है। यहां बताया गया कि अभी ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं। जबकि आंख में दर्द हो रहा है। रोशनी भी नहीं है। **–रसीद अहमद** – कबूलपुरा


आंख की दवा लेने आयी थी, दवा नहीं मिली बोला गया कि दस दिन बाद आना, अब आंखों में परेशानी हो रही है। गर्मी के कारण यहां तक आना मुश्किल होता है। **–आशा** – चंदोखर

नेत्र विभाग में कुछ दवाएं खत्म होने की जानकारी मिली है। दवा मंगाने को नेत्र विभाग द्वारा रिमाइंडर भेजा गया है। उम्मीद है जल्द ही दवाएं मिल जाएंगी। यदि दवाएं किसी कारणवश देर से आती हैं तो स्थानीय स्तर पर कुछ दवाएं खरीदी जाएंगी। जिससे मरीजों को परेशानी नहीं होगी। **–डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस

# ब्लड बैंक में मानक मिले पूरे जल्द रिन्यू होगा लाइसेंस


ब्लड बैंक का निरीक्षण करते गाजियाबाद एवं बदायूं के औषधि निरीक्षक।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **गाजियाबाद से आई टीम ने किया निरीक्षण, जल्द बनेगा नया लाइसेंस**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का शुक्रवार को दो सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण की रिपोर्ट मिलने के बाद अगली कार्यवाही की जाएगी। ब्लड बैंक में मानक के अनुसार सभी चीजें मिलने पर ही फिर से ब्लड बैंक का लाइसेंस मिल सकेगा।

ब्लड बैंक को पांच साल के लिए लाइसेंस मिलता है। यहां पांच साल का समय तीन महीने पहले ही पूरा हो गया था जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने लाइसेंस नवीनीकरण की तैयारी शुरू कर दी थी। जिलाधिकारी के निर्देशन में शुक्रवार को दो सदस्यीय टीम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने गाजियाबाद से आए औषधि निरीक्षक रविन्द्र वर्मा एवं यहां के औषधि निरीक्षक लव कुश प्रसाद ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ब्लड बैंक यूनिट की सभी मशीनें चेक की गईं। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने कहा कि निरीक्षण में किसी तरह की कोई कमी नहीं मिली है। सभी चीजें मानक के अनुसार पाई गईं। जल्द ही लाइसेंस का नवीनीकरण हो जाएगा।















शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

45.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5.15 | सूर्यास्त 7.11

# चोरों का आतंक : छह घरों से लाखों के माल पर किया हाथ साफ

## गुरुवार रात थाना मुजरिया के एक गांव के चार, बिसौली व फैजगंज बेहटा के एक-एक घर को बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले में चोरों का आतंक जारी है। गुरुवार रात को चोरों ने तीन थाना मुजरिया, बिसौली और फैजगंज बेहटा क्षेत्र के छह घरों को निशाना बनाया। नगदी और जेवर समेत लाखों का माल पार कर लिया। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया लेकिन चोरों का सुराग नहीं लग सका है।

**मकान की चारदीवारी कूदकर घर से चोरी : ओरछी :** गुरुवार की रात चोरों ने थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में आसफपुर-चंदौसी मार्ग के गांव सिसरका के पास जंगल में बने एक घर से चोरी की। गांव सिसरका में राजपाल पुत्र धर्मवीर ने जंगल के पास नया मकान बनवाया है। गुरुवार रात वह और उनका परिवार खाना खाने के बाद घर पर सो गया था। रात में चोर चारदीवारी से कूदकर मकान में दाखिल हुए। घर में रखा सामान चोरी कर रहे थे। आहट होने पर परिवार जाग गया। चोरों का विरोध किया। चोरों ने उनके घर के बच्चों को पीटा। चोर तीन मोबाइल फोन, सोने की दो चेन, चार हजार रुपये लेकर भाग गए। परिजनों ने शोर मचाया तो चंदौसी मार्ग से गुजर रही डायल 112 पुलिस पहुंची। इससे पहले भी क्षेत्र में चोरी हुई है लेकिन पुलिस ने खुलासा नहीं किया है।



इस्माइलपुर गांव में चोरी के बाद खेत में पड़े बक्से और कपड़े। ● अमृत विचार

### मुजरिया में चार घरों से चार लाख के जेवर व नगदी चोरी

**मुजरिया।** थाना मुजरिया क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने एक ही परिवार के तीन घर समेत चार घरों को निशाना बनाया। चोरों ने जेवरात और नकदी समेत चार लाख का सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस प्रथम दृष्टया आपसी रंजिश मान रही है। गांव इस्माइलपुर मेमड़ी निवासी हेम सिंह मौर्य पुत्र लेखराज ने बताया कि वह गुरुवार रात घर में सोए थे। रात में चोर घर में घुस आए। बक्से का ताला तोड़ा, अलमारी खोली और एक जोड़ी पायल, सोने के कुंडल और 15 हजार रुपये आदि चोरी करके ले गए। सुबह जागने पर चोरी की जानकारी हुई। उनके परिवार के ओमपाल, जसपाल, जागन लाल के अलावा गांव निवासी ओमवीर के घर से भी चोरी हुई। घटना को अंजाम देने के बाद चोर बक्से और कपड़े खेत में फेंक गए। थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। जांच में पता चला कि यह आपसी रंजिश का मामला है। एक दिन पहले हुए विवाद के चलते चोरी की बात कही जा रही है।

### पड़ोसियों के घर की लगाई कुंडी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री का घर खंगाला

**बिसौली।** चोरों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के बंद मकान को खंगाल लिया। 50 हजार रुपये और दो लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए गए। इससे पहले चोरों ने पड़ोसियों के घर बाहर से बंद किए थे। पीड़ित ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है। मूल रूप से गांव रायपुर कलां और वर्तमान में कोतवाली बिसौली क्षेत्र में बिल्सी मार्ग निवासी मंजू शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। गुरुवार सुबह वह अपने मकान में ताला डालकर रिश्तेदारी में चली गई थीं। उनके पति भी घर से बाहर थे। साथ ही उनका बेटा बबलू अपने किसी दोस्त के पास गया था। मंजू शर्मा के अनुसार चोरी से पहले चोरों ने पड़ोस में रहने वाले लोगों के मकानों में बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद उनके मकान का ताला तोड़ा। मकान की दूसरी मंजिल पर अलमारी का ताला तोड़कर रुपये और जेवर चोरी कर लिए। शुक्रवार को वह लौटीं तो बिखरा हुआ सामान देखकर चोरी की जानकारी हुई। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। रिपोर्ट दर्ज करके जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।





## आज रात दो बजे से कछला की ओर नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

**बदायूं, अमृत विचार:** गंगा दशहरा का पर्व कल 16 जून को मनाया जाएगा। हजारों लोग कछला गंगा घाट पर गंगा स्नान करने पहुंचेंगे। जिसके कारण जाम की स्थिति बन सकती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए भारी वाहनों के गुजरने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। आज रात दो बजे से भारी वाहन कासगंज की ओर नहीं जा सकेंगे। उन्हें मुजरिया चौराहे से सहसवान की ओर से गुजरना होगा।

अलीगढ़, मथुरा राजस्थान की ओर जाने वाले भारी और हल्के वाहन उझानी से मुजरिया चौराहा, सहसवान, जरीफनगर, गुन्नौर, बबराला होकर निकाले जाएंगे। वहीं कासगंज की ओर जाने वाले वाहन नौशेरा, कादरचौक की ओर से निकाले जाएंगे। वाहनों को निकाले जाने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पर रात्रि में ही पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा। इधर उझानी बाईपास तिराहा पर भी बल की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा मुजरिया चौराहे से कछला की ओर और सहसवान से कछला की ओर जाने वाले भारी वाहन पर रोक रहेगी।

## एक नजर

### नाले का स्लैब हटाने को लेकर विवाद, सफाईकर्मियों ने दिया धरना

**बदायूं।** कस्बा उझानी में सरौरा मार्ग पर दुकानों के बाहर नाले की सफाई करने के दौरान सफाईकर्मियों ने नाले का स्लैब हटाया तो एक ट्रांसपोर्टर सफाईकर्मियों से भिड़ गए। विरोध करने पर ट्रांसपोर्टर ने अपने बेटे को बुला लिया। दोनों ने सफाईकर्मी से गाली-गलौज और मारपीट की। अन्य सफाईकर्मियों को मारपीट की जानकारी हुई तो वह सभी नगर पालिका कार्यालय के गेट पर एकत्र हो गए और धरना दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित सफाईकर्मी ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ तहरीर दी।

### विजिलेंस के छापे से विद्युत उपभोक्ताओं में हड़कंप

**सहसवान।** विजिलेंस की टीम नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार छापे मार रही है। गुरुवार की रात एवं दिन में विजिलेंस की टीम ने नगर के मोहल्ला चौधरी, मिर्धा टोला, पठान टोला, काजी मोहल्ला आदि स्थानों पर छापे मारे। जिससे अवैध रूप से बिजली का प्रयोग कर रहे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। अवैध रूप से बिजली का प्रयोग करके एसी, कूलर फ्रिज, आदि संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे कुछ लोगों की वीडियो बनाकर विजिलेंस टीम ले गई है।

# भुट्टा खिलाने के बहाने खेत में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म

- नशे में धुत था आरोपी, ग्रामीणों के आने पर धमकी देकर भागा

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** एक युवक दस साल की बालिका को भुट्टा खिलाने के बहाने मक्का के खेत में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका को जिला महिला अस्पताल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना थाना कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव की है। शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे ग्रामीण की 10 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस के गांव मौसमपुर निवासी 40 साल का वीरेश यादव आया। वह बालिका को भुट्टा खिलाने के बहाने गांव के पास मक्का के खेत में ले गया। जहां बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता चिल्लाई तो आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण पहुंच गए। उन्हें देख आरोपी धमकाता हुआ भाग गया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शराब के नशे में धुत था। ग्रामीण बालिका को उसके घर ले गए। पुलिस को जानकारी दी गई तो कादरचौक के थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह गांव पहुंचे और परिजन व ग्रामीणों से पूछताछ की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### घर से उठाकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

**मुजरिया।** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को वह गांव के बाहर गए थे। उनका परिवार घर पर सो रहा था। गांव निवासी दो युवक उनकी 16 साल की बेटी को उठाकर जंगल में ले गए। जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सीओ बिसौली की बजाय अन्य अधिकारी से विवेचना की मांग

**बिसौली, अमृत विचार :** सीओ पर देरी से पहुंचने के बाद हेयर ड्रेसर विनोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की विवेचना खुद सीओ कर रहे हैं। विनोद ने सीओ पर उस पर झूठा मुकदमा लिखवाने का आरोप लगाते हुए मामले की विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराने की मांग की है। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के कस्बा निवासी धर्मपाल, महेश, रवेंद्र, सालिकराम, सविता, ओमपाल सिंह, धीरेंद्र ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि कस्बा निवासी विनोद पुत्र सुरेश चंद्र बाल काटने की दुकान चलाता है। आरोप लगाया कि बिसौली सीओ सुनील कुमार ने अपने निजी कर्मचारी से विनोद पर झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिसकी विवेचना खुद सीओ बिसौली कर रहे हैं। उन्होंने मामले की विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराने की मांग की है।

# महिला की मौत, पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

- शुक्रवार तड़के कमरे में साड़ी से लटका मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने मौका मुआयना किया। मायका पक्ष ने मारपीट करके हत्या करने और शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के पिता की तहरीर पर थाना कादरचौक पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हजरतपुर क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी हरीश चंद्र की बेटी खुशबू की शादी 2 मई 2023 को थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव अखटामई निवासी मुन्ना लाल के बेटे मुकेश साथ हुई थी। मुन्ना लाल के अनुसार गुरुवार शाम किसी बात को लेकर खुशबू और मुकेश के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद खुशबू अपने कमरे में चली गई। सुबह लगभग सवा चार बजे मुन्ना लाल की पत्नी सुशीला देवी ने खुशबू का शव फंदे पर शव लटका देखा तो मायका पक्ष को सूचना दी थी। मृतका के पिता हरीश चंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शादी के बाद से ही बेटी का पति मुकेश, देवर देवेंद्र दान दहेज से खुश नहीं थे। आए दिन खुशूब से वॉशिंग मशीन और कूलर की मांग करते रहते थे। खुशबू के कहने पर मायका पक्ष ने ससुरालीजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। चार-पांच बार पंचायत भी हुई। आरोप है कि मुकेश के फूफा कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव गठरपुरा निवासी विनोद पुत्र मखनलाल मुकेश और देवेंद्र को उकसाते थे। 13 जून रात लगभग 8 बजे उन लोगों ने खुशबू से मारपीट की थी। खुशबू ने अपने मायके में फोन करके बताया भी था। जिसके बाद मुकेश और देवेंद्र ने रात एक बजे मारपीट करके हत्या कर दी और शव फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने आरोपी मुकेश, देवेंद्र और विनोद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, षड्यंत्र रचने और दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। कादरचौक के थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे सीओ शक्ति सिंह। ● अमृत विचार

### महिला ने पति के खिलाफ दी तहरीर

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव गंज शहीदा निवासी गुंजन गुप्ता ने सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पति विकास गुप्ता से मुकदमा चल रहा है। शुक्रवार को मुकदमे की तारीख थी। आरोप है कि विकास ने उसका व्यक्तिगत डाटा कहीं से निकलवा लिया। विरोध करने पर पति ने उससे मारपीट की। महिला ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। महिला ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मारपीट के आरोपी दे रहे धमकी, गिरफ्तारी की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी निवासी रघुवेश देवी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि शहर निवासी तरुण राठौर ने उनके बेटे आकाश राठौर से लाखों रुपये जबरदस्ती अपने खाते में डलवाए थे। उनके बड़े बेटे विक्की राठौर ने शिकायत की तो मेला ककोड़ा में उस पर फायरिंग की और मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 25 फरवरी को दूसरे पक्ष ने उन्हें और उनके बेटे आकाश राठौर को घेरकर पीटा। फिर भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोप है कि विरोधी पक्ष फैसला करने का दबाव बना रहा है। 7 जून को रात लगभग 10 बजे तरुण राठौर, जयदीप, अजय बाबा, दीपक राठौर, शरद पटेल, अशफाक खान, सिद्धार्थ पटेल आदि ने विक्की राठौर को घेरकर तमंचे से हवाई फायरिंग की और तमंचे की बट मारकर उसका सिर फोड़ दिया था। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे बरेली रेफर कर दिया है। रघुवेश देवी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज हुई थी लेकिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। वह फैसले का दबाव बना रहे हैं। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आगे की जांच की जा रही है।

## सेकेंड हैंड मोबाइल में डाला सिम, उड़ीसा पुलिस ने किया फोन

**आसफपुर, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा आसफपुर और आसपास के गांवों में चोरी के मोबाइल खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा है। मोबाइल फोन की दुकानें खरीद-फरोख्त का अड्डा बनी हुई हैं। कस्बा आसफपुर निवासी शिवओम शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण ने गावं दूंदपुर की एक दुकान से सेकेंड हैंड मोबाइल फोन खरीदा था। अपना सिम डालकर शुरू किया तो सर्विलांस पर लगा होने की वजह से उड़ीसा के साइबर सेल ने फोन ट्रेस कर लिया। युवक को फोन करके जानकारी की तो युवक ने दुकान से फोन खरीदने के बारे में बताया। साइबर सेल ने चोरी का फोन बताते हुए सरेंडर करने को कहा। युवक ने दुकान संचालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क किनारे बिजली का खंभा छूते ही छटपटा कर गिरा प्लंबर, गई जान

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहिरटोला निवासी नवीन (30) पुत्र पीतांबर प्लंबर थे। गुरुवार देर शाम वह उझानी क्षेत्र में बरी बाइपास पर कहीं जाने के लिए ई-रिक्शा का इंतजार कर रहे थे। पास में लगे बिजली के खंभे से ओट लेने की कोशिश की लेकिन खंभे में करंट दौड़ रहा था। करंट लगने से वह छटपटा कर गिर गए। मौके पर ही नवीन की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि उझानी क्षेत्र में बिजली के बहुत से खंभे हैं जिनमें करंट आता है।

गायों की मौत भी हो चुकी है लेकिन विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। जल्द ही बारिश होगी। ऐसे में हाल बदहाल हो जाएगा। सूचना पर नवीन के परिजन पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मचा है।

### टूटकर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, चपेट में आने से तीन सूअर की मौत

**कुंवरगांव।** हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया। जिसकी चपेट में आने से तीन सूअर की मौत हो गई। पीड़ित ने विद्युत विभाग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पशु चिकित्साधिकारी ने मृत पशुओं को पोस्टमार्टम कर दफन कराया। थाना क्षेत्र के गांव बर्खिन निवासी वाल्मीकि जंटर मैन पुत्र असर्फी लाल पालतू सूअरों को जंगल में चराने ले गया था। जहां खेत में पहले से हाईटेंशन लाइन का टूटा पड़ा था। जिसमें करंट दौड़ रहा था। जिसकी चपेट में आने से तीन सूअर की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित भी बाल बाल बच गया। सूअर स्वामी ने मृत पशुओं को लोन पर खरीदा था। उन सभी का बीमा था। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पशु चिकित्साधिकारी सुमित्तर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर पशुओं के शव का पोस्टमार्टम किया। उसके बाद उन्हें दफन कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### ईद पर शांति बनाए रखें, खुले में न करें कुर्बानी

**मुजरिया।** ईद का त्योहार शांति सद्भाव के साथ मनाने को शुक्रवार को थाना परिसर में ग्राम प्रधान और धर्मगुरुओं की बैठक बुलाई गई। बैठक में सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह ने कहा कि ईद के त्योहार पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करें और खुले में कुर्बानी नहीं करें, कुर्बानी के बाद जो अवशेष बचते हैं उन्हें गड्ढे में दफन करें। उन्होंने कहा कि नमाज ईदगाह में ही अदा करें। किसी अफवाह पर ध्यान न दें। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष आरती कौशिक, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, उपदेश कुमार तथा अपराध निरोधक कमेटी के डॉ. एनपीएस सैलानी, थाना क्षेत्र से आए मस्जिदों के मौलाना तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### उपनिदेशक पंचायत ने अंत्येष्टि स्थलों का किया निरीक्षण

**इस्लामनगर।** ग्राम पंचायत अचलपुर और मोहसनपुर में अंत्येष्टि स्थल बनाए जा रहे हैं। शुक्रवार को इनका निरीक्षण मंडलीय उपनिदेशक महेंद्र सिंह ने किया। उनके द्वारा सबसे पहले अचलपुर गांव में बन रहे अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया गया। यहां 24 लाख रुपए की लागत से अंत्येष्टि स्थल बनाया जा रहा है। कार्य अभी अधूरा था। जिसे जल्द पूरा कराने के आदेश उनके द्वारा दिए गए। इसके बाद डीडी पंचायत मोहसनपुर गांव में पहुंचे। जहां उन्हे कार्य ठीक मिला। उन्होंने सचिव और प्रधानों से कहा कि दोनों गांव में जल्द कार्य पूरा कराया जाए। इस मौके पर एडीओ पंचायत नरेश पाल, सचिव दिग्विजय, अरविंद एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### भगवान श्री कृष्ण ने सबसे पहले पूतना वध किया

**बदायूं।** ब्लाक जगत के गांव करौलिया में श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास शीलेन्द्र शास्त्री ने भगवान कृष्ण के बचपन की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने जीवन में सबसे पहले पूतना का वध किया था। करौलिया गांव में भगवान शंकर के मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास शीलेन्द्र शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लेकर राक्षसों का वध किया। उन्होंने सबसे पहले पूतना का वध किया। भगवान कृष्ण ने सत्यता और निर्मलता का बोध कराया। गोवंश की सेवा की प्रेरणा दी। लेकिन आज सब उल्टा हो रहा है इसलिए कलयुग में पाप बढ़ गए हैं। लोगों को अधर्म का रास्ता छोड़ना होगा। तभी मानव जाति का कल्याण होगा। इस मौके पर आयोजक ओमकार सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन मनमाने तरीखे से शिफ्ट करने का आरोप

**बिल्सी।** पांच जून की रात को आई आंधी में नगर के रामलीला मैदान से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन को बिल्सी उपखंड के बिजली अधिकारियों, कर्मचारियों व एक मीटर रीडर ने खेत मालिक व प्रॉपर्टी डीलर से साठगांठ करके लगभग तीन सौ मीटर लाइन को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया और जो पोल सही थे उनको भी नगर पालिका परिषद की जेसीबी से उखड़वा कर तोड़ दिये गए। लाइन दूसरी जगह शिफ्ट करने से कालोनी में बने मकानों की छत पर लाइन के तार लटक रहे हैं जिससे लोगों को करंट लगने का खतरा पैदा हो गया है। बिजली विभाग की इस करतूत से लोगों में भारी रोष है।

### मदर एंथीना स्कूल में ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शुरू

**बदायूं।** मदर एंथीना स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 12 से 21 जून तक दस दिवसीय ऑनलाइन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्रतिदिन छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को दिन में दो बार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में शुक्रवार को योग प्रशिक्षक निधि सक्सेना द्वारा जीवन में योग के महत्व के साथ ही प्राणायाम एवं विशिष्ट आसनों के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया आधुनिक जिन्दगी में स्वास्थ्य प्रभावित करने वाला खान पान अधिक है जिससे वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में योग ही एकमात्र साधन है जो हमारे स्वास्थ्य को संरक्षण प्रदान कर सकता है।

मौसम की मार | अत्यधिक गर्मी के कारण धान के बीज का अंकुरण और विकास प्रभावित होने का है डर

# बढ़े तापमान में धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहे किसान

- भीषण गर्मी की वजह से इस बार लेट होगी धान की रोपाई
- जिले में करीब 95 हजार हेक्टेयर भूमि पर होती है धान की खेती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पशु-पक्षी तक व्याकुल हो उठे हैं। वहीं किसान भी धान की फसल की रोपाई करने के लिए नर्सरी नहीं डाल पा रहे हैं। उन्हें अत्यधिक गर्मी के कारण बीजों का अंकुरण और उनका विकास प्रभावित होने का डर सता रहा है। वहीं जिन किसानों ने नर्सरी डाल ली है। उनके पत्ते पीले पड़ गए हैं। ऐसे में इस बार धान की रोपाई लेट होने की संभावना बन गई है।

जिले में गेहूं के बाद धान की फसल प्रमुख है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में करीब 95 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर धान की खेती होती है। धान की रोपाई करने के लिए एक जून से नर्सरी डालने का काम शुरू हो जाता है। 20 से 25 दिन में नर्सरी तैयार होने के बाद उसकी रोपाई का काम शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार धान की फसल पर संकट खड़ा हो गया है। जून का आधा महीना गुजरने को है, लेकिन अभी तक किसान धान की नर्सरी नहीं लगा पा रहे हैं। जिसकी वजह से धान की रोपाई का काम पिछड़ जाएगा। कृषि अधिकारियों के अनुसार धान की नर्सरी डालने के लिए, तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। लेकिन इस बार पिछले डेढ़ माह से तापमान 44 से 45 के बीच बना हुआ है। ऐसे में अगर किसान धान की नर्सरी डालते भी हैं तो बीज अंकुरण भी नहीं हो पाएगा। इसके चलते उत्पादन में भी गिरावट रहेगी। जिसको लेकर किसान चिंतित है। वहीं जिन किसानों के पास सिंचाई के निजी संसाधन हैं उनके द्वारा नर्सरी को डाला गया है। परंतु तापमान अधिक होने और गर्म हवा चलने के कारण पत्तियां पीली पड़ गई हैं।

### नर्सरी डालने को किसान करें इंतजार

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि अभी तापमान अधिक होने के कारण बीज का अंकुरण नहीं होगा। गर्मी के कारण पत्तियां झुलस जाएंगी। अगर किसी किसान ने नर्सरी डाल भी ली है तो उसमें शाम को ही पानी लगाएं। दिन में पानी लगाने से वह गर्म हो जाएगा। जिससे नर्सरी को नुकसान पहुंच सकता है। अभी नर्सरी डालने में समय है। किसानों को कुछ दिन इंतजार करना चाहिए। कुछ ही दिनों में मानसून आने के बाद बारिश शुरू हो जाएगी। तापमान नीचे आ जाएगा। इसके बाद नर्सरी की बुवाई करें।

### बीज महंगा होने पर जोखिम नहीं लेना चाहता किसान

धान का बीज काफी महंगा है। बाजार में अच्छी कंपनी का हाइब्रिड बीज 500 से 700 रुपये प्रति किग्रा मिल रहा है। एक बीघा में कम से कम एक किग्रा बीज की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में बढ़ते तापमान में नर्सरी डालने का जोखिम किसान नहीं उठाना चाहता है। उसे बीज अंकुरण न होने पर नुकसान का डर सता रहा है।

# वीर सिंह की हत्या मामले में महिला समेत दो पर रिपोर्ट

- 11 जून को थाना उघैती क्षेत्र के गांव कोठा के पास पेड़ से लटका मिला था शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला गाजियाबाद में नौकरी करने वाले थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव थाना उघैती क्षेत्र में पेड़ पर फंदे पर लटका मिला था। पुलिस आत्महत्या मान रही थी लेकिन शरीर पर चोट के निशान देखते हुए उसके परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। मृतक के परिजन की तहरीर पर एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी वीर सिंह पुत्र मोर सिंह अविवाहित थे और गाजियाबाद में रहकर नौकरी करते थे। वह तकरीबन दो सप्ताह पहले वापस गांव आए थे। 11 जून को उनका शव थाना उघैती क्षेत्र के गांव कोठा के पास पेड़ पर फंदे पर मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे थे। परिजनों ने वीर सिंह के शरीर पर चोट के निशान देखे तो हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो हत्या की पुष्टि हुई। परिजनों ने गांव निवासी ओमेंद्र और एक महिला के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

44.0⁰ अधिकतम तापमान | 30.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.19 | सूर्यास्त 07.13

## शहर में आज

- आम आदमी पार्टी की बैठक अशोक नगर स्थित शिक्षा प्रकोष्ठ कार्यालय में सुबह 10 बजे से।
- सात दिवसीय बौद्ध कथा का समापन पटियाली के गांव रुस्तमपुर में दोपहर 12 बजे से
- डीडू माहेश्वरी युवक मंडल द्वारा शिव-विवाह एवं महेश भोजन नदरई गेट स्थित एसकेएम इंटर कॉलेज में शाम चार बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### आज कासगंज तहसील में शिकायतें सुनेंगी डीएम

**कासगंज।** डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील कासगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। तहसील सहावर एवं पटियाली में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागों के क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करेंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कासगंज।** पटियाली के नगला करन निवासी शैतान सिंह पुत्र शिवदयाल सिंह आम के बाग की रखवाली करते थे। बुधवार को शाम लगभग साढ़े चार बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे पटियाली के इंस्पेक्टर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ विजय कुमार राणा का कहना है कि इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक फिसलने से दो महिलाएं घायल

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक पर बैठे 45 वर्षीय नेकसो देवी पत्नी खुशीराम एवं भूदेवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी गई। एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### जहर खाने से युवक की हालत गंभीर

**कासगंज।** थाना सहावर के गांव अलीपुर में गुरुवार को 32 वर्षीय युवक सत्यवीर सिंह पुत्र गौरी शंकर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों को उसकी जानकारी हुई तो वह उसे सहावर के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सको ने हालत नाजुक बताते हुए अलीगढ रेफर कर दिया है। परिजनों उसे अलीगढ ले गए हैं घटना का कारण अज्ञात बना हुआ है। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

# गंगा दशहरा कल, ट्रैफिक डायवर्जन आज रात से

## शनिवार रात से रविवार रात को आठ बजे तक शहर में नहीं घुस पाएंगे भारी वाहन, पुलिस रहेगी मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, कागसंज

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर्व 16 जून को मनाया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। दूरस्थ प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के दबाव से यातायात व्यवस्था चरमरा सकती है। इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। शनिवार रात आठ बजे से रविवार रात आठ बजे तक भारी वाहन शहर में नहीं घुस पाएंगे। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

रविवार 16 जून को दशहरा के तीर्थ नगरी सोरों के लहरा गंगा घाट, हरि की पौड़ी एवं कछला घाट पर स्नान के लिए यूपी के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई प्रदेशों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के दबाव से यातायात व्यवस्था चरमारा न जाए इसके लिए बरेली-मथुरा हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। वाहनों को नियंत्रित करने के लिए बैरियर लगाने के साथ जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। इसकी निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट और सर्किल अफसरों को लगाया गया है।



कादरगंज गंगा घाट का निरीक्षण करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

- तीर्थ नगरी सोरों में 16 जून को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के मद्देनजर लिया गया निर्णय

### गंगा घाटों पर की जाएगी बेरिकेडिंग, गोताखोर रहेंगे मुस्तैद

**कासगंज।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने शुक्रवार को सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के कादरगंज गंगा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गंगा घाट की साफ-सफाई, बेरिकेडिंग, लाइटिंग, अस्थायी शौचालय, चेंजिंग रुम, पेयजल, वाहन पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही गंगा के जलस्तर को ध्यान में रखते हुए गोताखोरों की तैनाती एवं घाटों पर बेरिकेडिंग किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम कुलदीप कुमार सिंह, सीओ विजय कुमार राणा, प्रभारी निरीक्षक बृजपाल सिंह मौजूद रहे।

### यह रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

- बरेली की ओर से आने वाले भारी वाहनों को बदायूं से कादरगंज पुल थाना सिकंदरपुर वैश्य होकर निकाला जाएगा। ये वाहन कासगंज की सीमा में प्रवेश कर एटा होते हुए निकाले जाएंगे।
- एटा से बदायूं-बरेली जाने वाले सभी प्रकार के भारी व्यवसायिक वाहनों को सौरभ ढाबा एटा रोड से डायवर्जन कर मंडी तिराहा कासगंज, आमंपुर, सहावर, गंजडुंडवारा होते हुए कादरगंज पुल से बदायूं की सीमा में प्रवेश करेंगे।
- हाथरस व अलीगढ़ से बदायूं-बरेली की ओर जाने वाले सभी वाहन हजारा नहर पुल से कैनाल बाईपास होते हुए मामों बाईपास गोरहा पुल से डायवर्जन कर सहावर, गंजडुंडवारा, पटियाली होते हुए कादरगंज पुल से बदायूं की सीमा में प्रवेश करेंगे।

# बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल और क्लीनिक सील, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




अधिकारियों ने यहां भी चस्पा किया नोटिस।

- सीएमओ ने टीम के साथ चलाया छापामार अभियान, गोरहा में अनाधिकृत पैथोलॉजी लैब सील

**अमृत विचार :** सीएमओ ने शुक्रवार को टीम के साथ अपंजीकृत क्लीनिक, अस्पताल और लैब पर छापामार अभियान चलाया। इस दौरान कस्बा अमांपुर में दो अस्पताल सीज कर दिए गए। दो अस्पताल संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, गोरहा में एक पैथोलॉजी लैब को सील कर दी गई।

जिले में शहर-कस्बों से लेकर गांवों तक अवैध क्लीनिक, अस्पताल और पैथोलॉजी लैब की बाढ़ सी आ गई है। मोटी कमाई के चक्कर में मरीजों की जान खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ शुक्रवार को कस्बा अमांपुर में क्लीनिक और अस्पतालों पर छापा मारा। इस दौरान पंजीकरण न मिलने पर गणेश अस्पताल और रामबेटी अस्पताल को सील किया गया। सीएमओ के छापे का पता लगने पर कई संचालक अस्पताल व क्लीनिक बंद करके फरार हो गए। छापे के दौरान आरती हॉस्पिटल बंद मिला, जिस पर नोटिस चस्पा किया गया है। वहीं, दो अन्य क्लीनिक बंद मिले, जिनके संचालकों को नोटिस जारी किए गया है।

कासगंज-सोरों मार्ग स्थित गांव गोरहा में पैथोलॉजी लैब अनाधिकृत रूप से चलाई जा रही थी, जिसे सील दिया गया है। सीएमओ आरके अग्रवाल ने बताया कि जिले में अपंजीकृत लैब, हॉस्पिटल, क्लीनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं चलने दिए जाएंगे। मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# जलने से विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव मिचखुरी में एक विवाहिता की जलकर मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंचे भाई ने हत्या की आशंका जताई है। थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जिला मैनपुरी के थाना बेबर के गांव नसरीपुर निवासी रामौतार ने अपनी पुत्री सुधा का विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव मिचपुरी निवासी बृजमोहन के साथ किया था। गुरुवार रात लगभग 10 बजे कपड़ों में आग लगने से सुधा गंभीर रूप से झुलस गई। ससुराल वाले उसे उपचार के लिए गंजडुंडवारा चिकित्सालय ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगरा रेफर कर दिया गया। परिजन उसे आगरा ले जा रहे थे, लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर भाई रामजीत परिजनों के साथ मिचपुरी जा पहुंचे। भाई की सूचना पर गंजडुंडवारा इंस्पेक्टर विनोद कुमार मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों से मामले के बारे में पूछताछ की। मृतका के भाई का आरोप है कि उसका बहनोई बृजमोहन शराब पीने का आदी है। वह आए दिन सुधा के साथ मारपीट करता है। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने सुधा की जलाकर हत्या कर दी।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका सुधा के मायके वाले। ● अमृत विचार



मृतका सुधा

> सुधा की जलने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायके पक्ष के लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच उपरांत न्याय संगत कार्रवाई की जाएंगी।
> – विजय सिंह राणा, सीओ पटियाली

### मृतका के पति और सास ससुर सहित पांच पर रिपोर्ट

**कासगंज।** सोरों कोतवाली के गांव दतलाना में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को गांव दतलाना निवासी भगवान सिंह की विवाहिता छाया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पर मां ने मृतका के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए छाया को जहर देकर जान से मारने का आरोप लगाया था। गुरुवार देर रात मृतका की मां मीरा देवी ने मृतका के पति भगवान सिंह, सास गुड्डो देवी, ससुर सुखराम, जेठ व देवर को नामजद कर तहरीर दी। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दहेज प्रतिषेद अधिनियम के अलावा आईपीसी की धारा 304 बी, 398 ए के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में कासगंज को मिले 4 पदक



राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में शामिल कासगंज के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- महाराष्ट्र के नागपुर में छह से 10 जून तक हुई थी प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में कासगंज के खिलाड़ियों ने यूपी का प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन कर चार पदक जीते।

कोठी वाला अढ़तिया महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के अध्यक्ष डा. प्रवीन सिंह जादौन ने 80 किलोग्राम वजन वर्ग में बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन कर बाएं हाथ से रजत और दाहिने हाथ से कांस्य पदक जीता। सुमित कुमार अक्की ने 100 किलोग्राम वजन वर्ग में दाहिने हाथ से कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। प्रशांत यादव ने 70 किलोग्राम वजन वर्ग में बाएं हाथ से कांस्य पदक हासिल किया। जंग बहादुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों में माला राजपूत, करिश्मा कुमारी और ज्योति यादव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं। इन्होंने न केवल अपनी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह साबित कर दिया कि कासगंज की बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं। अभय गुप्ता, अक्षांश कुलश्रेष्ठ, मधुर अग्रवाल और क्षितिज ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बेकाबू पिकअप की टक्कर से किशोर की मौत, युवक घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- घायल को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में किया गया भर्ती

**अमृत विचार :** थाना सहावर क्षेत्र में शुक्रवार को पिकअप की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हुआ है। जिसे नाजुक हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना सहावर क्षेत्र के गांव सादिकपुर निवासी रोहित (20) पुत्र शैलेंद्र सिंह गांव के 15 वर्षीय अंकित पुत्र अजयपाल के साथ कासगंज जा रहे थे।

रोहित बाइक चला रहा था। कासगंज-सहावर मार्ग पर गांव गुढ-गुढी चाड़ी के बीच उनकी बाइक में तेज गति से आई पिकअप ने टक्कर मार दी। इसमें अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर थाना सहावर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचा दिया। परिजनों ने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

> सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई थी। इसमें एक युवक घायल हुआ। इस मामले में अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।
> – लोकेश भाटी, इंस्पेक्टर सहावर

# पुलिस ने 10 वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज।** अमांपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि वारंटी प्रेम सिंह, बहादुर सिंह निवासी ग्राम भृगवासनी, अखिलेश, शीशपाल निवासीगण गांव जवाहरपुर, मिंटू निवासी गांव अल्लीपुर थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है।

वहीं, सदर कोतवाली पुलिस ने सतीश निवासी गांव नमैनी, सुरजीत गांव अहरौली, मटरूराम निवासी मोहल्ल भूतेश्वर, जीवनलाल निवासी मोहल्ला नाथूराम एवं सहावर पुलिस ने कृष्णपाल निवासी गांव ताली थाना सहावर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# लापता युवक का शव बाजरे के खेत में मिला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** ढोलना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बाजरे के खेत में पड़ा मिला है। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या करने के बाद शव खेत में फेंका गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। मामले की छानबीन चल रही है।

घिनौना गांव निवासी ग्रीश चंद्र का 27 वर्षीय पुत्र राहुल गुरुवार शाम को खेत पर घूमने की कहकर गया था। वह देर रात वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर नींबू खान के बाजरे के खेत में में पड़ा मिला है। फौरन घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। सीओ अजीत सिंह चौहान फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। छानबीन के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि राहुल का शव नीम के पेड़ पर गले में गमछा से फंदा लगाकर खुदकुशी करने का प्रतीत हो रहा है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।



घटना स्थल का मुआयना करते सीओ सदर अजीत चौहान। ● अमृत विचार

### ससुरालियों से चल रहा मुकदमा

राहुल की शादी वर्ष 2018 में दरियावगंज के गांव निवलपुर से हुई थी। शादी के आठ माह बाद पत्नी ने आग लगाकर जान दे दी। इसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। मृतक के पिता ग्रीशचंद्र ने बताया कि केस फाइनल डिसीजन पर था। शक है कि उन्हीं लोगों ने हत्या कर दी होगी।



मौके पर एकत्र ग्रामीण और मौजूद पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# योग सप्ताह आज से, डीएम ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की

## डीएम ने विकास खंडों व नगर निकायों में नियमित योगाभ्यास कराने के दिए निर्देश, 21 तक होगा योग सप्ताह का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने समीक्षा की। उन्होंने विकास खंडों, निकायों में नियमित योगाभ्यास कराने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि शनिवार 15 से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह मनाया जाएगा। जनपद में 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को सुबह छह से सात बजे तक योगाभ्यास कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विकास खंडों में 15 जून को योग दिवस कार्यक्रम कराया जाएगा। समस्त ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर 16 जून को योग कार्यक्रम कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित प्रधानाचार्य इंटर कॉलेजों में कार्यक्रम 17 जून को होगा। नगर पालिका, नगर पंचायतों में योग दिवस कार्यक्रम 18 जून को कराया जाएगा।

तहसील स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम 19 जून को होगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी की उपस्थिति में कलावती आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल गोराह में योग दिवस का कार्यक्रम होगा।

जिला क्रीड़ा अधिकारी, डीओ पीआरडी कमांडेड होमगार्ड एवं प्रतिसार निरीक्षक की उपस्थिति में स्पोर्ट स्टेडियम में क्रीड़ा विभाग, पीआरडी, होमगार्ड एवं पुलिस में योग सप्ताह दिवस 20 जून को मनाया जाएगा। इसी दिन योग जागरण रैली नगर पालिका सोरों गेट कासगंज से प्रभु पार्क नदरई गेट तक निकाली जाएगी। श्री गणेश इंटर कॉलेज कासगंज पर दशम अंतर राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को होना तय है। बैठक में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, डीआईओएस पीके मौर्य आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर निर्देश देतीं डीएम सुधा वर्मा।

### पौधरोपण के लिए विभागवार लक्ष्य तय

**कासगंज।** डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति पौधरोपण की बैठक हुई। इसमें गत माह के कार्यवृत के अनुपालन व आख्याओं पर समीक्षा की गई। पौधरोपित स्थलों की जियो टैगिंग के बिंदुओं पर चर्चा की गई। डीएम ने सभी विभागों को पौधरोपण के लिए लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यावरण विभाग को 84,000, ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग को 9,76,000, राजस्व विभाग को 82,000, पंचायतीराज विभाग को 99,000, आवास विकास विभाग को 6,000, औद्योगिक विकास विभाग को 11,000, नगर पालिका कासगंज को 3,000, नगर पंचायत सोरों को 3000, नगर पंचायत गंजडुंडवारा को 3,000, नगर पंचायत बिलराम 1800, नगर पंचायत अमांपुर को 1700, नगर पंचायत सहावर को 1700 नगर पंचायत मोहनपुर को 1700, नगर पालिका पटियाली 1700, नगर पंचायत सिढ़पुरा को 1700 नगर पंचायत भरगैन को 1700, लोक निर्माण विभाग को 16000, जल शक्ति विभाग को 16000, कृषि विभाग को 1,96,000 पशुपालन विभाग को 11000 सहकारिता विभाग को 4340, उद्योग विभाग को 12,000, ऊर्जा विभाग को 8400, माध्यमिक शिक्षा को 6000 बेसिक शिक्षा 10,000 प्राविधिक शिक्षा को 5000, उच्च शिक्षा को 20,000, श्रम विभाग को 2300, स्वास्थ्य विभाग को 15,000 परिवहन विभाग को 2200 रेलवे विभाग को 19,000, उद्यान विभाग को 1,21,000, गृह विभाग को 7560, रक्षा विभाग को 5000 टोटल लक्ष्य 23,40,800 दिया गया है।

# शिक्षकों ने योगाभ्यास कराने के साथ योग की विशेषताएं बताईं



शिविर के दौरान योग करते साधक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ कासगंज सिटी की ओर से 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लगाए गए योग शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के योगों का अभ्यास कराया।

शिविर में पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के योगाचार्य विपिन आर्य ने साधकों को ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, कोणासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने बैठकर किए जाने वाले आसन पदमासन, वज्रासन, मण्डूकासन, शशकासन, बक्रासन, गौमुखासन, उष्ट्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, स्थिर कोणासन, भूनमनासन, सिंह आसान बताए।

इसके उपरांत पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन उत्तानपादासन, पवन मुक्तासन, नौकासन, अर्ध हलासन, सर्वांगासन,हलासन का अभ्यास कराया।

# लापरवाही में एटा के एआरएम और भ्रष्टाचार में बुकिंग लिपिक निलंबित

## बगैर टिकट सवारियां ले जाने में संविदा परिचालक चालक हो चुका है बर्खास्त, दर्ज हो चुकी है रिपोर्ट

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने भ्रष्टाचार के मामले में सख्त कदम उठाते हुए एटा के एआरएम राजेश कुमार यादव और बुकिंग लिपिक कमला शंकर को निलंबित कर दिया है। इन पर कार्य में लापरवाही और पैसे लेकर ड्यूटी लगाने का आरोप है। इस मामले में बगैर टिकट सवारियां ले जाने पर रोडवेज के संविदा परिचालक संदीप कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। उसकी संविदा भी खत्म की जा चुकी है।

एटा डिपो की बस संख्या यूपी 81 बीटी 6057 अलीगढ़-एटा के बीच चलती है। 10 जून को दिन में करीब दो बजे यह बस अलीगढ़ से एटा लौट रही थी। बस में संविदा परिचालक



संदीप कुमार की ड्यूटी थी। तभी एडीएम सत्यप्रकाश सिंह को फोन पर रोडवेज बस में बगैर टिकट सवारियां ले जाने की सूचना मिली। एडीएम के निर्देश पर एएसडीएम राजकुमार मौर्य ने शहीद पार्क स्थल के पास एटा रेलवे पुल पर बस को रोक लिया। उन्होंने चेकिंग के दौरान पाया कि बस में कुल 41 यात्री सवार थे। इनमें 20 यात्रियों के पास असली टिकट थे। बाकी 21 यात्रियों के पास परिचालक द्वारा सादा कागज पर हाथ से लिखा टिकट मिला। किराया सभी यात्रियों से

> सुनील पांडेय नाम का संविदा परिचालक था, जिसकी तत्कालीन एआरएम संजीव यादव ने संविदा खत्म कर दी थी। सुनील पांडेय की ड्यूटी एटा से गढ़िया जगन्नाथ के रूट पर रहती थी। शिकायत के बाद चेकिंग करने पर रोडवेज बस में सुनील पांडेय की जगह दूसरा व्यक्ति परिचालक का काम करते पकड़ा गया था। जबकि सुनील पांडेय उस बस में नहीं थी। इसे गंभीर अपराध मानते ही सुनील पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। साथ ही उसकी संविदा खत्म कर दी गई थी। इसके बाद एआरएम संजीव यादव का तबादला मैनपुरी हो गया। उनके जाने के बाद 2020 में सुनील पांडेय ने दोबारा रोडवेज में नौकरी हासिल कर ली थी। फिर चेकिंग के दौरान सुनील पांडेय रोडवेज बस में बगैर टिकट सवारियां ले जाते पकड़ा गया था, जिससे उसे दोबारा नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद से सुनील कुमार तरह-तरह के आरोप लगा रहा था। उसी ने एडीएम को फोन करके शिकायत की थी। मैं 10 जून को छुट्टी पर था।
>
> **- राजेश यादव**, एआरएम एटा

पूरा लिया गया था। इस तरह रोडवेज बस में 21 यात्री बगैर टिकट पाए गए थे। इस पर संविदा परिचालक संदीप कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। साथ ही संदीप कुमार की संविदा खत्म कर दी गई थी।

इस मामले को शासन ने गंभीरता से लिया। अब एटा के एआरएम राजेश यादव और बुकिंग लिपिक कमला शंकर को निलंबित कर दिया गया। एआरएम पर लापरवाही और बुकिंग लिपिक कमला शंकर यादव पर पैसे लेकर ड्यूटी लगाने का आरोप है। शासन के अनुसार दोनों ने निगम की छवि धूमिल करने के साथ वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। हालांकि एआरएम राजेश यादव उस दिन छुट्टी पर थे।

## सड़क हादसों में फौजी समेत चार लोग घायल

**एटा, अमृत विचारः** विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हुए सड़क हादसों में एक फौजी समेत चार लोग घायल हुए हैं।

कोतवाली देहात के गांव नंदगांव निवासी फौजी हरीश (28) पुत्र जितेन्द्र सिंह और गांव का निवासी केशव (21) पुत्र रमेश चन्द्र अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर शिकोहाबाद की तरफ से आ रहे थे। कोतवाली नगर क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड स्थित गांव गंगनपुर के समीप एक तीसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में फौजी हरीश और केशव घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं दूसरी ओर घटना शहर क्षेत्र के जीटी रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू डिग्री कालेज के सामने हुई। बाइक सवार धर्मेन्द्र सिंह (20) पुत्र जबरन सिंह और उसकी मां गुड्डी देवी (45) कार की टक्कर लगने से घायल हो गए।

## हिरासत में लिए युवक को पीटने पर दरोगा समेत दस पर रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचारः** पूछताछ के लिए हिरासत लिए युवक को पीटना कोतवाली पुलिस को महंगा पड़ गया। अदालत के आदेश पर उसी कोतवाली में उपनिरीक्षक समेत 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम भोपालपुर निवासी वीरेश कुमार पुत्र ओसान सिंह ने कोतवाली नगर में तैनात उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह समेत 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीरेश ने बताया कि 17 फरवरी को उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह ने अपने साथियों के साथ कोतवाली नगर उसे पीटा और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उसने इस घटना की तहरीर पुलिस को दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। इसके बाद उसने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। अपराध निरीक्षक बेगराम सिंह को इस मामले की जांच सौंपी गई है। बेगराम ने बताया कि कोर्ट के आदेश से 13 जून को उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह समेत दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द से मनाएं त्योहार



**एटा।** डीएम प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को गंगा दशहरा, बकरीद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें डीएम ने कहा कि गंगा दशहरा 16 बकरीद 17 जून को मनाई जाएगी। दोनों पर्व सौहार्दपूर्ण और भाईचारा के साथ मनाए जाएं। डीएम ने कहा कि गंगा दशहरा पर्व पर यातायात के नियमों का पालन करते हुए विशेष सतर्कता बरतें। डीएम ने जनपद के विभिन्न इलाकों में कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में उपस्थित नागरिकों, धर्मगुरू एवं समिति के सदस्यों से फीडबैक लिया। साथ ही सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने को कहा। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं ने आगामी त्योहार मिल-जुलकर मनाने का आश्वासन दिया। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति आपसी भाई-चारे और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### युवती समेत दो ने किया आत्महत्या का प्रयास

**एटा।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवती समेत दो लोगों ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव सुखटीखेड़ा निवासी धर्मेन्द्र सिंह (20) पुत्र राजेन्द्र सिंह नोएडा में गाड़ी चलाता है। उसकी पत्नी मायके में है। गुरुवार 13 जून की देर रात को नोएडा से घर जाते वक्त उसकी पत्नी से फोन पर बात हुई। इसी दौरान कोतवाली देहात के गांव पमांस के पास पहुंचने पर उसने जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसका पता लगने पर बहनोई कमलेश ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, बागवाला थाना क्षेत्र के गांव नगली मढ़िया निवासी रश्मि पुत्री सुभाष चन्द्र ने गृहक्लेश के चलते घर में रखा कांस घोलकर पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया है।

### छत से गिरकर महिला की मौत, दो लोग घायल

**एटा।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छत से गिरकर एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो घायल लोग हुए हैं। बागवाला थाना क्षेत्र के ग्राम लोहाखार निवासी विजयकुमारी (45) पत्नी जय सिंह गुरुवार रात दो बजे छत से नीचे जा गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार तड़के उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, दूसरी ओर सकीट थाना क्षेत्र के गांव कवार निवासी ममता देवी (35) पत्नी धर्मेन्द्र सिंह और निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव नगला खिल्ली निवासी रजत कुमार (4) पुत्र रामकिशन घर की छत से गिरकर घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

**एटा।** कोतवाली देहात एक व्यक्ति ने गांव के रामखिलाड़ी समेत तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। आरोप है कि रामखिलाड़ी आदि ने नौ जून को पीड़ित के घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट की। उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी की और कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

### अलग-अलग स्थानों पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अवागढ़।** इलाके के व्यक्ति ने नगला मोती गांव के जयवीर सिंह समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि पीड़ित के घर में घुसकर परिजनों के साथ गाली गलौज और मारपीट की। इससे पीड़ित बेहोश हो गया। उसकी पुत्री व पत्नी के साथ छेड़खानी करते हुए कपडे फाड़ दिए गए। पथराव भी किया गया। जिससे पीड़ित का हाथ टूट गया। वहीं दूसरी ओर मिरहची थाने में किरनदेवी पत्नी संतोष कुमार निवासी सूरतपुर माफी ने गांव के निवासी रतन सिंह पुत्र सुनहरीलाल समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। किरन ने बताया कि 10 जून को आरोपितों द्वारा पीड़िता के साथ गांव में घेरकर मारपीट की। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इधर, मलावन थाने में दिनेश पुत्र चन्द्रपाल निवासी नगला खमानी ने अभियोग दर्ज कराया हैं। बताया कि गांव के निवासी सुदेश पुत्र चन्द्रपाल समेत तीन लोगों द्वारा पीड़ित की पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

### धोखाधड़ी कर बैंक खाते से 1.18 लाख रुपये निकाले

**एटा।** साइबर थाने में अमरीश भारद्वाज पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला श्रृंगार नगर ने अभियोग दर्ज कराया है। उसने बताया है कि 17 से लेकर 21 मई के मध्य अज्ञात व्यक्ति ने फोन पे से धोखाधड़ी करके उसके खाते से 1 लाख 18 हजार रुपये निकाल लिए। जानकारी होने पर बैंक गया तो वहां कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पीड़ित ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गिदौली, वि.खं. मझगवां, बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्ययोजनानुसार विभिन्न कार्य कराये जाने हैं जिसमें निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 18.06.2024 को 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन शाम 4 बजे खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | मद |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से बरगद वाले तालाब तक U टाईप नाली व चबूतरा निर्माण कार्य | 3,00,314/- | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त आयोग |

**ग्राम प्रधान-रिफा बेगम** **सचिव-हेमन्त श्याम**



**IIFL FINANCE**
**CIN: L67100MH1995PLC093797**
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। **18.06.2024 को दोपहर 3:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच, ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** के माध्यम से ऑनलाइन संचालित किया जाएगा ऑनलाइन नीलामी मंच **https://egold.auctiontiger.net** पर निम्नलिखित ऋण खातों में वादा किए गए सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। स्थान या तारीख में परिवर्तन (यदि कोई हो) नीलामी मंच और/या नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। यदि ई-नीलामी उस दिन आयोजित नहीं की जा सकती है, तो आईआईएफएल के पास संबंधित जिले के भीतर संबंधित तालुका में मौजूद नीलामी मंच और/या नीलामी केंद्र पर किसी भी बाद की तारीख पर उक्त नीलामी आयोजित करने या आगे बढ़ने का अधिकार सुरक्षित है। जानकारी संबंधित जिले के संबंधित तालुका में स्थित नीलामी मंच और/या नीलामी केंद्र पर दिखाए जाने के बाद, शेष वस्तुओं को आगामी कार्य दिवसों पर नीलामी के लिए रखा जाएगा। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**शाखा का नाम: बरेली-सिविल लाइंस जीएल, गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL19953711, GL22828068, GL25006971, GL25012092, GL25630114, GL25671443, GL25697401, GL25903397, GL26261842, GL26280730, GL26298646, GL26304767, GL26446995, GL26453261, GL26601937, GL26610231, GL26625627, GL26643567, GL27153601, GL27374028, GL27393943, GL27441185, GL27453371, GL27467041, GL27481453, GL27506917, GL27523194, GL27781354, GL27801857, GL27845446, GL27859039, GL27867596, GL27870042, GL28059008, GL28133037, GL28136938, GL28150618, GL28162026, GL28191128, GL28210299, GL28296529, GL28303620, GL28426862, GL28660104, GL28665184, GL28669521, GL28796764, GL28817002, GL28880384, GL28883076, GL31809753, GL32157329, GL33009606.

ई-नीलामी जैसा है, जहां है, जैसा है जो है और जो कुछ भी है के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

**दिनांक: 15.06.2024**
**स्थान: बरेली**

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड


## एसपी ने पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया

**कासगंज, अमृत विचार :** शुक्रवार को सुबह एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था, अभिलेखों एवं वाहनों का रखरखाव देखा। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सोरों के पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित अस्थाई पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले पुलिस लाइन की सफाई व्यवस्था देखी। पुलिस लाइन में लगाए गए पौधों के पोषण के संबंध में जानकारी ली। वहीं कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों का रख-रखाव देखा। जिस पर संतोष व्यक्त किया। कर्मचारियों की बैरक का निरीक्षण कर रह रहे पुलिस कर्मियों से व्यवस्थाओं के संबंध में पूछताछ की। एसपी ने शस्त्रागार में शस्त्रों का रख-रखाव देखा। वाहनों का निरीक्षण किया। लॉग बुक देखी।

## पुलिस ने सीखा दंगाइयों पर नियंत्रण करना

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते शुक्रवार को एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों को चलाने का अभ्यास कराया। उन्होंने हर आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा, और इससे निपटने का तरीका समझाया। इसके बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को सलामी के बाद परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और जनता के प्रति सद् व्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने परेड के दौरान आधुनिक हथियारों को



जांच पड़ताल करते हुए एसएसपी राजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- **एसएसपी ने दिए डयूटी के दौरान ईमानदार और कर्तव्य निष्ठा बरतने के निर्देश**

चलाने तथा रखरखाव के बारे में भी जानकारी दी। दंगा होने की स्थिति में आधुनिक हथियारों तथा दंगा रोधी यंत्र, एंटी राइट गन, टियर गैस गन चलाने के बारे में बताया। परेड के बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन में वर्दी स्टोर, भोजनालय, आरओ वाटर प्लांट, बैरक, पुलिस कैंटीन आदि का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को व्यवस्था ठीक कराने के निर्देशित किया। इस दौरान एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा, समस्त सीओ भी जूद रहे।

## जीएसटी के अच्छे वकील और सीए रखें व्यापारी

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** शहर के बाबूगंज उद्योग व्यापार मंडल की शुक्रवार को कोतवाली नगर इंस्पेक्टर और जीएसटी अधिकारियों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष साबिर मियां ने की। संचालन नगर अध्यक्ष अतुल राठी ने किया।

बैठक में जीएसटी अधिकारी ने बताया किस तरह का जीएसटी आरटीआर रिटर्न भरना चाहिए। कहा



कोतवाली नगर में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए व्यापारी। ● अमृत विचार

कि जीएसटी के अच्छे वकील और सीए होना पर ही व्यापार तरक्की कर पाएगा। इंस्पेक्टर ने आश्वासन ने कहा व्यापारियों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जाएगा। बैठक में अशोक सर्राफ, मुकेश, जावेद आलम, पप्पन भाई, मोहम्मद तनवीर आना, शोभित वार्ष्णेय, मोहम्मद मुजीब, मोहम्मद रियाज अब्बास, पप्पू जैन, सुरेश सिंधी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद शाहिद, चुन्ना हाजी, मोहम्मद नाजिम, कुकी जैन, सोनू, बंटी, बबलू, न्यूटन, इश्तियाक, फिरोज, नरेश, परमेश्वरी दयाल, संतोष गुप्ता, सुधीर गुप्ता, राकेश, इरशाद साबरी मौजूद रहे।

### शिव विवाह और महेश भोज आज

**कासगंज।** माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित नौ दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में शिव-विवाह एवं महेश भोज होगा। डीडू माहेश्वरी युवक मंडल के अध्यक्ष अरविंद कावरा ने बताया कि कार्यक्रम शाम पांच बजे से होगा। समाज बंधुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## रोटरी क्लब के कैंप में 42 लोगों ने किया महादान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को रोटरी क्लब ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान कैंप का आयोजन किया। इसमें रोटेरियन ने रक्तदान किया। कैंप मुख्य चिकित्सा अधिकारी उमेश त्रिपाठी ने फीता काटकर आरंभ किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने अंग वस्त्र भेंटकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया।

मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य रजनी पटेल ने कैम्प में भाग लिया और रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी उमेश त्रिपाठी ने कहा कि रोटरी क्लब हर माह समाज हित में जनसेवा के लिए कार्य करता रहता है। इस रोटरी क्लब की तरह और भी समाज सेवी संस्थाएं हैं, उन्हें भी समाज हित में कुछ न कुछ जरूर करते रहना चाहिए।

कैम्प के समापन तक 42 लोगों ने रक्तदान किया। कैंप में उपस्थित अध्यक्ष नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष साजन देव वार्ष्णेय, कार्यक्रम संयोजक अमर कोशल्यान, यतन वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय, हिमांशु कुलश्रेष्ठ, वैभव सक्सैना, अमित गुप्ता, सनी जैन, राहुल मिश्रा, रोहित मिश्रा उपस्थित रहे।




शिविर में रक्तदान करतीं प्राचार्या डा. रजनी पटेल।

## जुआ खेलते चार लोग गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने छापामारी कर जुआ खेलते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 9200 रूपये की नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि आरोपी मोहित कुमार, करन, संतोष निवासीगण गांव नदरई एवं रूपेश निवासी मोहल्ला खेड़िया के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-मदारपुर बेवहा वि.खं. पुवायां जनपद शाहजहाँपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पंचायत मदारपुर बेवहा विकास खण्ड पुवायां शाहजहांपुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/एस.बी.एम. (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत मदारपुर बेवहा में निर्माण कराने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक 18.06.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 18.06.2024 को ग्राम पंचायत प्रधान/सचिव द्वारा अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी। विवरण निम्नवत् है :-

| क्रमांक | कार्य योजना | कार्य योजना |
|---|---|---|
| 1. | अन्त्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/विद्यालय की मरम्मत एवं अन्य सामुदायिक भवन निर्माण/मरम्मत, चहारदिवरी मरम्म/निर्माण, टाइल्स कार्य, शौचालय, मरम्मत/निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक भवन में रेनवाटर हार्वेस्टिंग, रोड पर इंटरलॉकिंग सीसी रोड खडंजा आदि मरम्मत/निर्माण और नाला/नाली निर्माण/मरम्मत/तालाब, कुंआ का जीर्णाद्वार, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य। | प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, मौरंग, रोड़ी, सरिया, बजरफुट, बिजली फिटिंग सामग्री और प्लंबिंग कार्य, इंटरलॉकिंग ईट, टाईल्स, सैनेटरी सामग्री आदि। |
| 2. | इण्डिया मार्का हैंडपंप रिबोर और मरम्मत, सामुदायिक शौचालय में सबमरर्सिबल और जत सम्बन्धित मरम्मत। | प्लास्टिक पाइप, चैन, जाली, हैंडपंप, मशीन हत्था, गिलास, टापा आदि |
| 3. | हयूम पाइप/सैनीटाईजेसन कार्य/अन्य कार्य | आवश्यकतानुसार |
| 4. | सफाई ठेली क्रय/मरम्मत ई-सफाई वाहन क्रय/ग्राम पंचायत में वाल पेंटिंग/प्रचार प्रसार कार्य/स्टेशनरी क्रय और अन्य प्रशासनिक कार्य। | आवश्यकतानुसार |
| 5. | ई-सफाई वाहन क्रय, कचरा पात्र/स्टील बॉडी/प्लास्टिक बॉडी, प्लास्टिक बैंक जालीदार लोहे की, सामुदायिक इन्सीनेटर (भस्मक) स्वच्छता किट, नाडेप, सर्मी कम्पोस्ट खाद्य के गड्ढे, शोक पिट, लीच पिट, फिल्टर चैम्बर का निर्माण, सोलर लाइट की स्थापना/अनुरक्षण | मानक और आवश्यकतानुसार |

नियम व शर्ते :- 1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति आवश्यक रूप से संलग्न करें 2. समस्त सामग्री ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/पी.डब्लू.डी. के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी। 3. निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी जिसका कोई भी भाड़ा या टैक्स देय नहीं होगा। 4. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा बिना बिना पूर्व सूचना के निविदा निरस्त की जा सकती है।

**प्रधान-सुरेश चन्द्र** **सचिव का नाम-राजेश कुमार**


## पति से विवाद होने पर पत्नी ने फंदे पर लटककर दी जान, मचा कोहराम

**अवागढ़।** पति से कहासुनी होने पर एक महिला ने फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। इसका पता लगने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। यह घटना गुरुवार रात करीब नौ बजे की है। कस्बा अवागढ़ निवासी रूबी (28) का अपने पति कमल सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस पर पति को कुछ भला बुरा कह दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर रूबी ने घर के अंदर फंदे पर लटक गई। परिजनों ने उसे लटका देखा तो नीचे उतारने के बाद 108 एम्बुलेंस में मेडिकल कॉलेज ले गए।


सब का मालिक एक है।
**दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।**
समस्या है तो समाधान भी है।
**गुरु अजमेरी जी**
**स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी**
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली


## कार्ड धारकों को 30 सितंबर तक बिना ई-केवाईसी मिलेगा राशन

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **राशन कार्ड को आधार से लिंक कराने की तिथि बढ़ी**
- **सरकार के इस निर्णय से कार्ड धारकों ने ली राहत की सांस**

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए समय सीमा तीन महीने बढ़ा दी है। यानी कार्ड धारकों 30 सितंबर तक बिना ई-केवाईसी के फ्री राशन ले सकते हैं।

फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन डिपार्टमेंट (केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग) की ओर जारी आदेश में कहा गया है कि अब 30 सितंबर तक लाभार्थी राशन कार्ड या फूड सब्सिडी अकाउंट को आधार से लिंक करा सकेंगे। पिछली अधिसूचना में इसके लिए 30 जून तक का समय दिया गया था। अधिसूचना के अनुसार तय समय में या तो राशन कार्ड को आधार से लिंक करना होगा या जिन लाभार्थियों के पास आधार नहीं है। उन्हें इसके लिए आवेदन कर उसका प्रमाण जमा कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर फ्री में राशन नहीं मिलेगा।

केंद्र सरकार ने फरवरी 2017 में पीडीएस के तहत लाभ लेने के लिए राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना जरूरी कर दिया था। सरकार ने जरूतमंदों को समय पर राशन देने और गड़बड़ी रोकने के लिए केवाईसी को अनिवार्य किया है। लाभार्थियों को नई समय सीमा तक अपने राशन कार्ड को आधार कार्ड के साथ लिंक कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मेरा मा0शि0परि0 का हाईस्कूल सन् 2022 का अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 1220759740 है जो कहीं गुम हो गया है। मैंने हाईस्कूल की परीक्षा श्रीमती कमला देवी मैमोरियल इण्टर कॉलेज हुरहुरी, मीरगंज से उत्तीर्ण की थी। **अंकित कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ग्राम ठिरिया खुर्द, थाना मीरगंज जनपद बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नेहा शर्मा से बदलकर मोक्ष शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे मोक्ष शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये तथा यह भी घोषणा करता हूँ कि मैं स्वयं को एक पुरूष/व्यक्ति समझता हूँ जिसका लिंग जन्म के समय प्राप्त लिंग के अनुरूप नहीं है। **मोक्ष शर्मा पुत्र श्री सतेन्द्र प्रकाश शर्मा निवासी ग्राम रहदेवा पोस्ट व थाना मदनापुर तहसील तिलहर जिला शाहजहाँपुर।**

**सूचना**
मेरी पत्नी का सही नाम सुमन है जबकि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में सुमन देवी गलत दर्ज है।
**हवलदार सोमपाल देहरू No. 3204428W यूनिट 18 JAT पोस्टेड बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

